हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 7 सितंबर 2026

06 शिक्षकों का सम्मान और विद्यालय परिसर में...



07 स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने जीरापुर में संचालित...



खबर संक्षेप



पांच दिवसीय हरतालिका तीज शिव महापुराण कथा का हुआ विराम

सीहोर। अटूट गुरु भक्ति, दृढ़ संकल्प और भगवान शिव के प्रति अटूट विश्वास मनुष्य के जीवन की दिशा बदल सकता है। यदि व्यक्ति विश्वास के साथ पुरुषार्थ करता है और अपने गुरु के बताए मार्ग पर चलता है तो उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आना निश्चित है। भगवान शिव की भक्ति मनुष्य को आत्मबल प्रदान करती है और जीवन में सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी ऑनलाइन पांच दिवसीय हरतालिका तीज शिव महापुराण कथा के विराम दिवस पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। कथा के अंतिम दिन उन्होंने हरतालिका तीज व्रत के महत्व सहित भगवान शिव की महिमा से जुड़े अनेक धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहाकि शास्त्रों और सनातन परंपरा में मनुष्य जीवन को अत्यंत दुर्लभ माना गया है। लाखों योनियों में मनुष्य योनि ही ऐसी है, जिसमें व्यक्ति भगवान शिव को श्रद्धा के साथ एक लोटा जल अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त करता है। भगवान शिव को जल अर्पित करना केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। जब मनुष्य सच्चे भाव से महादेव का स्मरण करता है तो उसके भीतर विश्वास और आत्मबल का संचार होता है। कथा के विराम दिवस पर पंडित मिश्रा ने हरतालिका तीज व्रत की महिमा और धार्मिक महत्व का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताया कि दृढ़ संकल्प, तपस्या और अटूट श्रद्धा के माध्यम से मनुष्य अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। हरतालिका तीज केवल व्रत और पूजा का पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, संकल्प और भगवान के प्रति विश्वास की परंपरा से जुड़ा हुआ है। व्रत के माध्यम से महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती का स्मरण करती हैं तथा परिवार के सुख-समृद्धि और मंगल की कामना करती हैं।

विधायक सुदेश राय की पहल : रेलवे स्टेशन से मंत्री पेट्रोल पंप तक बनेगी फोरलेन सड़क व करबला पुल, 48 करोड़ रुपए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के विकास और यातायात को बेहतर बनाने की दिशा में शहर को एक बड़ी सौगात मिली है। विधायक सुदेश राय के प्रयासों के बाद प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने शहर के प्रमुख मार्ग रेलवे स्टेशन से शुगर फैक्ट्री होते हुए मंत्री पेट्रोल पंप तक फोरलेन सडक़ निर्माण के लिए 48 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है।



बता दें यह नई सडक़ शहर में पहले से निर्मित सैकड़ाखेड़ी मार्ग, बिलकिसगंज चौराहा मार्ग और इंदौर नाका से क्रिसेंट चौराहा जैसे प्रमुख वीआईपी मार्गों की तर्ज पर ही सुविधाओं के साथ बनाई जाएगी। 48 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह चौड़ी और गुणवत्तापूर्ण सडक़ न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि शहर के सौंदर्य में भी चार चांद लगाएगी।

करबला पुल का होगा नया निर्माण

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ एसपी सिंह के अनुसार 48 करोड़ की इस परियोजना में सडक़ के साथ-साथ जर्जर हो चुके करबला पुल का निर्माण भी शामिल है। इस पुल को और चौड़ा बनाया जाएगा, जिससे बारिश और व्यस्त समय में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को हमेशा के लिए राहत मिल जाएगी।

श्रद्धालुओं को लाभ, 50 गांवों को सीधी कनेक्टिविटी

बता दें रेलवे स्टेशन से मंत्री पेट्रोल पंप का मार्ग महत्वपूर्ण है। इस मार्ग से कुबेरेश्वर धाम से आने वाले श्रद्धालु सीधे गणेश मंदिर पहुंचते हैं, जबकि शहरवासी भी इसी सडक़ से मंदिर जाते हैं। सडक़ बनने से यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम मार्ग मिलेगा। साथ ही रेलवे स्टेशन से शुरू होकर सीधे इंदौर नाका की ओर निकलने के कारण शहर के अंदरूनी हिस्सों पर भारी वाहनों और ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

ग्रामीणों को लाभ : बता दें मार्ग का कायाकल्प होने से आसपास के 50 से अधिक गांवों के लोगों को जिला मुख्यालय और रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए बेहतर व कनेक्टिविटी मिलेगी।

नर्मदा नदी के आसपास शराब बंदी के आदेश बेअसर, धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब

शराब का तांडव: सागर में 10 लोगों की मौत के बाद शाहगंज में मंडरा रहा खतरा, शराब का अवैध कारोबार बेखौफ जारी

नर्मदा तट पर सरकारी पाबंदियों और अभियानों के बावजूद धड़ल्ले से बिक रही शराब, 7 महीनों में दर्ज हुए 69 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सागर जिले के बंडा क्षेत्र में जहरीली शराब से 10 लोगों की दर्दनाक मौत और दर्जनों लोगों के जिंदगी-मौत से जूझने की खबर ने पूरे मध्य प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। सागर के गांवों में पसरते मातम के बीच अब सीहोर जिले के पवित्र नर्मदा तट पर बसे शाहगंज क्षेत्र को लेकर भी गंभीर चिंताएं गहराई हैं। सवाल उठ रहा है कि कहीं सागर में हुआ यह तांडव शाहगंज में न दोहराया जाए, क्योंकि प्रशासनिक दावों और सरकारी प्रतिबंधों के बावजूद शाहगंज में अवैध शराब का काला कारोबार बेखौफ जारी है।

शाहगंज में अवैध शराब किस कदर पैर पसार चुकी है, इसकी तस्दीक खुद पुलिस विभाग के आधिकारिक आंकड़े कर रहे हैं। थाना शाहगंज में आबकारी एक्ट के तहत 1 जनवरी से 31 जुलाई तक कुल 69 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। इसमें सबसे खराब स्थिति खुद शाहगंज शहर की है, जहां अकेले 29 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों की स्थिति भी चिंताजनक है। दर्ज प्रकरण के अनुसार अब तक बनेटा प्लाट में 07 मामले दर्ज हुए, बासगहन में 07 मामले, जोनतला में 04 मामले, खटपुरा/खिडिय़ाकुर्मी में 03-03 मामले, इटवार/खर्रा/ठीकरी में 02-02 मामले, अन्य गांव आमोन, बकतरा, हथनौरा आदि में 10 मामले दर्ज हुए हैं।



नर्मदा तट पर बेअसर साबित हो रहे सरकारी आदेश

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा तटीय क्षेत्रों में शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। वहीं वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने भी धार्मिक स्थलों और नर्मदा तटों पर शराबबंदी के सख्त निर्देश दे रखे हैं। इसके बावजूद पवित्र नर्मदा नदी के पावन तट पर बसे शाहगंज में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब शासन के आदेशों को ठेंगा दिखा रही है। इस अवैध कारोबार से नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है।

सागर हादसे से सबक लेने की जरूरत

सागर जिले के ग्राम घूघरा, जालमपुर और बराज में संदिग्ध शराब पीने के बाद 10 लोगों के चिराग बुझ चुके हैं और 25 से ज्यादा लोग बीएमसी व जिला अस्पताल में भर्ती हैं। सागर में मची इस तबाही ने यह साबित कर दिया है कि अवैध शराब पर समय रहते नकेल न कसी जाए तो परिणाम कितना भयावह हो सकता है। यदि शाहगंज प्रशासन ने समय रहते इस गोरखधंधे पर कड़ा शिकंजा नहीं कसा तो नर्मदा तट के इस शांत क्षेत्र में भी कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

अभियान भी बेअसर, बेखौफ घूम रहे कारोबारी : पुलिस प्रशासन द्वारा 15 जुलाई से 30 अगस्त तक नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का दावा किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अभियान के दौरान भी शाहगंज की गलियों में शराब की बिक्री बेरोकटोक जारी रही। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस के ये अभियान महज कागजी खानापूर्ति साबित हो रहे हैं, जिससे अवैध शराब माफिया के हौसले बुलंद हैं।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

बगवाड़ा नर्मदा पुल के पास जंगल में मिला शव, एक-दो दिन पुराना होने का अनुमान; पुलिस शिनाख्त में जुटी

बुधनी । बुधनी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-46 पर बगवाड़ा नर्मदा पुल के पास एक ढाबे के पीछे नर्मदा किनारे जंगल में पेड़ पर युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। पुल से गुजर रहे लोगों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही बुधनी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पेड़ से नीचे उतारकर कब्जे में लिया। इसके बाद शव को बुधनी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस के अनुसार युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की स्थिति को देखते हुए उसके एक-दो दिन पुराना होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक समय की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ ही शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। वहीं, घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



घायल किसान को न्याय दिलाने पेड़ पर चढ़े किसान, जमकर बजाईं थालियां

सीहोर। विद्युत करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए किसान सतीश मेवाड़ा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सीहोर जिले के किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। रविवार को किसानों ने अनोखे तरीके से आम के पेड़ों की डालियों पर बैठकर थालियां बजाईं और विद्युत मंडल के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

किसानों ने सीहोर विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री तथा श्यामपुर के सहायक यंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि ग्राम बड़वेली में खेतों के ऊपर झूल रही 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से किसान सतीश मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना के बाद से ही वे न्याय की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में करीब 25 गांवों के 500 से अधिक किसान पिछले दो माह से धरना-प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे हैं। किसानों की प्रमुख मांग है कि घायल किसान सतीश मेवाड़ा को 25 लाख रुपये का मुआवजा, सरकारी नौकरी तथा घटना के लिए जिम्मेदार विद्युत अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।



किसानों का कहना है कि जांच में विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आने के बावजूद अब तक केवल लाइनमैन के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जबकि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। इससे किसानों में भारी आक्रोश है।

न्याय नहीं मिला तो दिल्ली जाएंगे किसान : किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो घायल किसान सतीश मेवाड़ा के बुजुर्ग पिता उन्हें हाथ ठेले पर लेकर सीहोर से दिल्ली जाएंगे। वहां जंतर-मंतर से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक न्याय की गुहार लगाने की बात कही गई है।

किसानों के अनुसार वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल, ऊर्जा मंत्री प्रभांशु तोमर, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव तथा भोपाल संभाग के आयुक्त शर्मा से भी न्याय की गुहार लगा चुके हैं।

इसके बावजूद दो माह बीत जाने के बाद भी उनकी मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का किसानों ने आरोप लगाया है। आंदोलनरत किसानों ने एक बार फिर मांग दोहराते हुए कहा कि सीहोर विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री तथा श्यामपुर विद्युत मंडल के सहायक यंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए और घायल किसान को 25 लाख रुपये का मुआवजा तथा सरकारी नौकरी दी जाए। किसानों ने कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा।

शिक्षक राष्ट्र की भावी पीढ़ी के निर्माता हैं : नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

प्रांतीय शिक्षक संघ के शिक्षक सम्मान समारोह में 151 वरिष्ठ शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में जिले के 151 शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े प्राचार्य, खेल शिक्षक,लिपिक, सेवानिवृत्त शिक्षक,अतिथि शिक्षक, साक्षरता मित्र, कम्प्यूटर ऑपरेटर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। शिक्षक समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा और ज्ञान का सम्मान है। भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव को मजबूत करने का कार्य करते हैं। एक शिक्षक के द्वारा दिया गया संस्कार और ज्ञान विद्यार्थी के पूरे जीवन को प्रभावित करता है। ऐसे सम्मान समारोह शिक्षकों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाने का कार्य करते हैं।





नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर विकास ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र की भावी पीढ़ी के निर्माता हैं। विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों की शिक्षा देने में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जॉइंट डायरेक्टर धर्मेंद्र शर्मा कहा कि शिक्षकों का सम्मान समाज की सकारात्मक सोच और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्ला खान, बीआरसीसी अजब सिंह, बीआरसीसी अशोक वर्मा, प्राचार्य आशीष शर्मा, एपीसी संजय जादौन ,कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी तथा मानव कल्याण ट्रस्ट भोपाल के सुशील जैन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मान-पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन प्रदीप नागिया ने किया। समारोह के अंत में प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर के जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना ने संगठन के कार्यों। रेखांकित करते हुए सभी अतिथियों, सम्मानित शिक्षकों एवं आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर परप्रांतीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों राजेंद्र परमार ,हेमंत मालवीय , माधव यादव,नरेश मेवाडा ,अर्जुन सिंह , जितेंद्र सेन , दिनेश शर्मा, सुरेंद्र यादव बद्री प्रसाद वर्मा, चंदर वर्मा, मुकेश मालवीय,जय सिंह ठाकुर ,देशराज सोनी, शैलेन्द्र सिंह चौहान,सूरज सिंह पंवार,चंदर वर्मा महेश मालवीय ,नरेश सवासिया , मनोज व्यास,लखन महेश्वरी , राजेश तिवारी, ओमप्रकाश भावसार, अमृतलाल बिझावत,अनिल भिलाला ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

रपटों, पुलों और पुलियों पर पानी होने पर रास्ता पार न करें : कलेक्टर

सीहोर। वर्षा काल को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार का जोखिम उठाने से बचें। उन्होंने नागरिकों से कहा है कि रपटों, पुलों एवं पुलियों पर पानी होने की स्थिति में रास्ता पार करने का प्रयास न करें। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वर्षा के दौरान नदी, नाले, तालाब, डेम, जलप्रपात (वॉटरफॉल) तथा अन्य जलस्त्रोतों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। इसलिए नागरिक ऐसे स्थानों पर पिकनिक मनाने अथवा घूमने जाने से बचें। उन्होंने अभिभावकों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे बच्चों को नदी, तालाब, नालों एवं अन्य जलाशयों में नहाने या खेलने के लिए जाने से रोकें तथा उनकी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों, नगर पालिका सीएमओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के नदी-नालों, तालाबों, डेमों, रपटों, पुल-पुलियों, वॉटरफॉल एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी रखें। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सतर्कता बनाए रखने, लोगों को समय पर सचेत करने तथा आवश्यकता पड़ने पर जोखिम वाले क्षेत्रों से लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं।

खबर संक्षेप



अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, 3 प्रकरण दर्ज

सीहोर। सीहोर जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर बालागुरु के. के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में विभागीय दल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री और कच्ची शराब जब्त की गई। इसी क्रम में आबकारी वृत्त श्यामपुर के अंतर्गत ग्राम मोलाखेड़ी के जंगल में कार्रवाई करते हुए हाथ भट्टी की कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त लगभग 700 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 30 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई में दो प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इसी प्रकार आबकारी वृत्त बुधनी के अंतर्गत जंगल क्षेत्र में दबिश देकर 200 किलोग्राम महुआ लाहन तथा उससे निर्मित 10 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त कर एक प्रकरण दर्ज किया गया। आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 98 हजार रुपये बताया गया है। सभी प्रकरणों में आबकारी अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुंडल, आरक्षक श्री आकाश कोरी तथा राधेश्याम द्वारा की गई है।

सीहोर ने एक तरफा मुकाबले में नर्मदापुरम को 4-0 से हराया

सीहोर। शहर के आवासीय परिसर के मैदान और चर्च मैदान पर स्व.कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में रविवार से खिलाड़ियों को मंच देने के लिए राज्य स्तरीय अंडर-14 सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत आवासीय परिसर में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने की। रविवार को प्रतियोगिता में दो मुकाबले खेले गए। इसमें पहला मुकाबला सीहोर ने नर्मदापुरम को 4-0 से हराया और दूसरे मुकाबले में भोपाल ने ग्वालियर को 9-0 से हराया। बारिश के मध्य सीहोर और भोपाल के खिलाड़ियों ने गोलों की बौछारे लगा दी। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम कुईया, बसंत दासवानी, चाहत रुठिया, धर्मेन्द्र शर्मा, अंकुर शर्मा, अताउल्ला खान, आनंद उपाध्याय, एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, चंचल आदि ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। पहला मैच सीहोर और नर्मदापुरम के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर टीम ने नर्मदापुरम को 4-0 से हराया। सीहोर की ओर से अक्षयराज, कुशाग्र, आर्यव मालवीय और आर्यन सागर ने 1-1 गोल किया। इसके अलावा दूसरा मैच भोपाल-ग्वालियर के मध्य भी एक तरफा रहा।

पहली बार मैदान में उतरी महिला टीम ने भी दिखाया पूरा दमखम

51 फीट की ऊंचाई, 1 लाख का इनाम और गोविंदाओं का हुजूम, बस स्टैंड पर जमा मटकी फोड़ का रंग

मैं तेरे ही सहारे हनुमान के जयघोष से गूंजा समारोह स्थल, पंडित प्रदीप मिश्रा की मौजूदगी में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शहर का मुख्य बस स्टैंड परिसर भक्ति, रोमांच और उत्साह का साक्षी बना। सनातनी मटकी फोड़ महोत्सव के तहत आकाश को छूती 51 फीट की ऊंचाई पर लटकी मटकी को फोडऩे के लिए मध्य प्रदेश भर से आए गोविंदाओं ने अपना पूरा जोर लगा दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, रंग-बिरंगी आतिशबाजी और जय कन्हैया लाल की के नारों के बीच पूरा शहर कृष्ण भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

एक लाख रुपये की नकद राशि और ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के लिए एक दर्जन से अधिक टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

51 फीट की विशाल ऊंचाई तक पहुंचने के लिए गोविंदाओं की टोलियों ने एक के ऊपर एक चढक़र 5 से 6 मंजिला मानव पिरामिड बनाए। कई मौकों पर संतुलन बिगड़ा और खिलाड़ी नीचे गिरे, लेकिन बिना हिम्मत हारे युवाओं ने बार-बार पिरामिड बनाकर मटकी तक पहुंचने के प्रयास जारी रखे।



महिला टीम के दमखम ने जीता सबका दिल

महोत्सव का सबसे बड़ा और अनोखा आकर्षण पहली बार मैदान में उतरी महिला टीम रही। पुरुषों के वर्चस्व वाली इस प्रतियोगिता में महिलाओं ने जब अपना मानव पिरामिड बनाकर साहस, संतुलन और तालमेल का प्रदर्शन किया तो पूरा परिसर तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा।

पंडित प्रदीप मिश्रा को देखने उमड़ा जनसैलाब

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिनकी झलक पाने और आशीर्वाद लेने के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मुख्य आयोजक एवं बजरंग दल के प्रांत टोली सदस्य विवेक राठौर तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अगुवाई में सुरक्षा और सुविधाओं के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे यह भव्य आयोजन सफलता के साथ संपन्न हुआ।

भोपाल से लेकर ग्वालटोली तक की टीमों ने दिखाया दम : प्रतियोगिता में भोपाल, बैरसिया, मैना, आमाझिर और रातीबड़ जैसे क्षेत्रों की अनुभवी टीमों ने हिस्सा लिया। वहीं शहर के स्थानीय ग्वालटोली की युवा टीम ने भी पहली बार इतने बड़े मंच पर उतरकर अपनी बेहतरीन तैयारी से सभी को प्रभावित किया।

सुनील लोधी के भजनों पर झूमा मिनी वृंदावन

बस स्टैंड परिसर को फूलों, लाइटों और झांकियों से सजाकर मिनी वृंदावन का रूप दिया गया था। कार्यक्रम में हनुमान अंश फिल्म के प्रसिद्ध भजन मैं तेरे ही सहारे हनुमान के गायक सुनील लोधी ने अपनी सुरीली आवाज में लाइव प्रस्तुति दी। उनके भजनों और संगीतमय धुनों पर उपस्थित हजारों दर्शक झूमने और थिरकने पर मजबूर हो गए।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सर्व यादव समाज ने निकाला चल समारोह





बुधनी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में समीपस्थ ग्राम जोशीपुर में सर्व यादव समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को आकर्षक एवं मनमोहक झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया,जो ग्रामीणों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम जोशीपुर के झंडा चौक स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में शुक्रवार से तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ किया गया था। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन किए और धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया। रविवार को धार्मिक आयोजन के समापन अवसर पर श्री राधा-कृष्ण मंदिर से झांकियों से सुसज्जित भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ चल समारोह में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव एवं उनके जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया गया। विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद पिता वासुदेव द्वारा उन्हें टोकरी में रखकर कारागार से गोकुल ले जाने वाले प्रसंग की झांकी ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। चल समारोह में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल थीं। धार्मिक जयघोषों और भक्ति संगीत के बीच चल समारोह ग्राम जोशीपुर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ पड़ोसी ग्राम बगवाड़ा पहुंचा। ग्राम बगवाड़ा पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं एवं झांकियों का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं,बच्चे एवं ग्रामीण चल समारोह में शामिल हुए और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन और भव्य चल समारोह के माध्यम से ग्राम जोशीपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम देखने को मिली।

शिक्षकों का सम्मान और विद्यालय परिसर में 151 पौधे लगाकर मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



नगर के संदीपनी विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर पौधारोपण एवं व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा , सेवानिवृत्त एवं प्राचार्य सी. एल. व्यास, व्ही डी तिवारी , मोहन लाल तिवारी , बंसीलाल सोनी , डॉ आर. आर. परमार , अध्यात्म गुरु योगेंद्र मिश्रा एवं गायत्री परिवार के कृष्ण शर्मा, प्रेमलाल कुशवाहा, महेश विजयवर्गीय, रमिला परमार आदि अतिथियों रूप से शामिल हुए । कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया । इस दौरान अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में 151 पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल , श्रीफल भेंट कर व पुष्प मालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया । अतिथियों ने समाज एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान को याद किया गया। अध्यात्म गुरु योगेंद्र मिश्रा ने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्राण ऊर्जा द्वारा निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर मानसिक, शारीरिक, समस्याओ का प्राण शक्ति से उपचार के टिप्स दिए तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

गायत्री परिवार के सदस्यों ने भी पौधारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता की। विद्यालय परिवार ने शिक्षक दिवस को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश सेन, मंजू राठौर , विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवोदित हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस - नगर के नवोदित बाल निकेतन हायर सेकेण्डरी स्कूल में भी शिक्षक दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अलकेश चांडक, सतीश शर्मा, डां मुकेश व्यास ने मां सस्स्वती और डा० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौक पर शिक्षिका रचना शर्मा, सरोज सोलंकी, असमा खान, देवा वर्मा, निशा विश्वकर्मा, रंजना ठाकुर, डिनम चौहान, अर्चना गुप्ता, पूजा मुकाती, गरिमा मालवीय, प्रवीणा प्रजापति. जितेंद्र वर्मा को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं। छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक स्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किये गए।

आज से तीन दिवसीय मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर

महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का होगा समाधान

सीहोर। महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल अस्पताल सीहोर में आज से तीन दिवसीय मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर शुरू हो रहा है। शिविर का आयोजन 7, 8 एवं 9 सितंबर को गंगा आश्रम स्थित अटल अस्पताल में किया जाएगा। शिविर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक महिलाओं की जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध रहेगा।

शिविर में बच्चेदानी (गर्भाशय) का बाहर आना, बच्चेदानी या अंडाशय में गांठ, अत्यधिक अथवा अनियमित मासिक धर्म, लंबे समय से दवाइयां लेने के बाद भी आराम नहीं मिलना और पेशाब से संबंधित समस्याओं सहित विभिन्न स्त्री रोगों की जांच एवं उपचार किया जाएगा।



अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर में अनुभवी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की देखरेख में आवश्यक जांच एवं उपचार के साथ आधुनिक तकनीकों से ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। विशेष शिविर अवधि में ऑपरेशन रियायती दरों पर किए जाएंगे। मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ जै सी सुविधाओं का लाभ मिल स के गा । अस्पताल प्रबंधन ने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं जांच का लाभ उठाने की अपील की है।

अनंत चतुर्दशी को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बड़ी बैठक, झांकी-अखाड़ों की तैयारियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अनंत चतुर्दशी पर्व को लेकर रविवार को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र राठौर एवं शैलेंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त अखाड़ा प्रमुखों, सदस्यों तथा झांकी निर्माण समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर निकलने वाली झांकियों एवं अखाड़ों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समितियों के पदाधिकारियों ने अपनी तैयारियों, सुझावों और आ रही समस्याओं को रखा। अध्यक्ष द्वय ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आपसी सहमति से उनका समाधान निकालते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि सभी झांकी एवं अखाड़ा समितियां अनंत चतुर्दशी के दिन निर्धारित समय पर अपनी झांकी और अखाड़े के साथ उपस्थित होंगी, ताकि नगरवासी समय पर पहुंचकर झांकियों, अखाड़ों एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकें। अंत में हिंदू उत्सव समिति ने सभी समितियों से अपील की है कि आइए, हम सभी मिलकर अनंत चतुर्दशी पर्व को भव्य, अनुशासित एवं ऐतिहासिक बनाएं।

चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ मनकामेश्वर मंदिर पहुंचा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब भव्य चल समारोह से शहर हुआ कृष्णमय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सर्व यादव समाज द्वारा शुक्रवार को शहर में भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह निकाला गया। राधेश्याम मंदिर ग्वालटोली से शुरू हुए इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग पर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

चल समारोह से पूर्व प्रातः 10 बजे राधेश्याम मंदिर, ग्वालटोली में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे चल समारोह प्रारंभ हुआ। घोड़ा-बग्गी, ढोल-ताशे, आकर्षक धार्मिक झांकियों और इंदौर से आए अखाड़ों ने समारोह की भव्यता में चार चांद लगा दिए। राधेश्याम मंदिर से प्रारंभ होकर चल समारोह राठौर धर्मशाला, पुराने बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा होते हुए मनकामेश्वर मंदिर पहुंचा, जहां धार्मिक वातावरण के बीच समारोह का समापन हुआ।

चल समारोह में शामिल अखाड़ों के कलाकारों ने विभिन्न पारंपरिक एवं रोमांचक प्रस्तुतियां देकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करते हुए पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से शहर का वातावरण कृष्णमय नजर आया।

आयोजन में विशेष अतिथि अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सफल आयोजन पर विजय यादव ने जताया आभार : चल समारोह के सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए चल समारोह अध्यक्ष विजय यादव ने सभी समाजजनों, श्रद्धालुओं, अतिथियों, आयोजन समिति के सदस्यों, पुलिस-प्रशासन, नगरवासियों एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। आयोजन के निवेदकों में सीताराम यादव, गोपाल यादव, राहुल यादव, घनश्याम यादव, मोहित पहलवान, ओम यादव, मनसुख यादव, राजू पटेल, गुड्डा यादव, गजराज पहलवान, मनोज यादव, राजेश यादव (पप्पू), लक्ष्मण यादव, विनोद यादव एवं अतुल यादव सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

शिक्षक दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में शिक्षकों का सम्मान

भैरूंदा। सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा में शुक्रवार को शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया। वहीं संस्था की ओर से सभी शिक्षकों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थी शिक्षक की भूमिका में भी नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संगीत शिक्षक स्निग्ध नागवे को इंदौर में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री शिक्षक संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से संवाद के लिए आमंत्रित किए जाने की जानकारी दी गई। इस उपलब्धि पर प्राचार्य संजय श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई दी।

प्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्निग्ध नागवे का मुख्यमंत्री शिक्षक संवाद के लिए चयन विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। उनकी यह उपलब्धि अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में गणेश यादव, साबिर खान, शहादत खान, रघुवीर सिंह राजपूत, पंकज पंवार, महेश वर्मा, पल्लवी यादव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



अवैध क्लीनिकों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, पुलिस-स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने जीरापुर में संचालित हो रहे 10 क्लीनिक सील किए

बिना पंजीयन इलाज करते मिले संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर





शनिवार को जीरापुर नगर में विभिन्न स्थानों पर संचालित हो रही अवैध क्लीनिकों का स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देश पर प्रशासन के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान कई क्लीनिक बिना वैध पंजीयन एवं आवश्यक दस्तावेजों के संचालित पाए गए। जांच के दौरान क्लीनिकों में मरीजों के उपचार के लिए ड्रिप, इंजेक्शन एवं विभिन्न दवाइयां भी मिलीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्लीनिक संचालकों से पंजीयन सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। दस्तावेजों की जांच में कमियां एवं पूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कुल 10 क्लीनिकों को सील कर दिया।

इन क्लीनिकों को किया सील एक के मिले पूर्ण दस्तावेज

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चाइल्ड हेल्थ केयर क्लीनिक के संचालक विनोद पांचाल, अलशिफा क्लीनिक माचलपुर रोड के संचालक फिरोज खान, राहत क्लीनिक माचलपुर रोड के संचालक उमर फारूक, चहक मेडिकल एवं क्लीनिक स्टोर जमाई कॉलोनी के पीछे की संचालक मोबिना खान, सांवरिया क्लीनिक भंडावद रोड के संचालक विजय कुमार गौड़, शीफा दवाखाना छापीहेड़ा नाका के संचालक वहीद उल्लाह खान, रूहान दवाखाना के संचालक अब्दुल जब्बार, कृष्णानंदू क्लीनिक बस स्टैंड के संचालक प्रोभाश विश्वास, मालाकार क्लीनिक गांधी बस्ती के संचालक प्रकाश मालाकार एवं मीणा क्लीनिक के संचालक पारस कुमार मीणा शामिल हैं। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 क्लिनिको के दस्तावेज खागा ले गए जिसमें से आरोग्यंम क्लिनिक जवाहर चैक संचालक डॉ अश्विनी कुमार वैद्य के पूर्ण दस्तावेज पाए गए।

अवैध क्लीनिक संचालकों में मचा हड़कंप

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर उपलब्ध दस्तावेजों एवं क्लीनिकों में संचालित गतिविधियों की जांच की। अधिकारियों के अनुसार, आवश्यक वैध दस्तावेज नहीं मिलने तथा पाई गई कमियों के आधार पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से बिना पंजीयन एवं नियमों को ताक पर रखकर चिकित्सा सेवाएं संचालित करने वालों में हड़कंप मच गया।

कार्रवाई में इन अधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्रवाई के दौरान जिला टीबी अधिकारी डॉ. मनीष चैहान, जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. महेंद्र पाल सिंह एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील चैरसिया बीपीएम सुरेश पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा,शादाब खान,वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से जीरापुर, छापीहेड़ा, माचलपुर एवं खिलचीपुर पुलिस की विशेष भूमिका रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना वैध दस्तावेज एवं पंजीयन के संचालित चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

इनका कहना है

कलेक्टर सर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रषासन द्वारा संयुक्त रूप से जीरापुर में दस क्लीनिकों को चेक किया गया। जिनमें से 7 के पास कोई पंजीयन नहीं होने पर उन्हे सील करने की कार्रवाही की गई। वहीं 3 क्लीनिक अन्य माफ दण्ड पर खरे नहीं उतरने पर उन्हे भी सील किया गया।

डॉ. मनीष चैहान, टीम प्रभारी स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ ।

जाल में लगे पत्थर, मटेरियल गेट में फंसे तो संचालन में हो सकती समस्या

मोहनपुरा बांध के नो फिसिंग जोन में ठेकेदार ने डाल रखा जाल, मत्स्य महासंघ की अनदेखी न पड़ जाए भारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मोहनपुरा बांध क्षेत्र में मत्स्या महासंघ से जुड़े ठेकेदार की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, महासंघ द्वारा बांध क्षेत्र में मछलियां मारने हेतु जिस एजेंसी को ठेका दिया गया है उसके ठेकेदार द्वारा गैर जिम्मेदाराना काम किया जा रहा है। संबंधित ठेकेदार द्वारा बांध की अपस्ट्रीम में गेटों के बिल्कुल नजदीक मछलियां पकड़ने बड़ा जाल लगाया जा रहा है। जबकि, बांध के गेटों(स्पीलवे) के आसपास का 1000 मीटर जलभराव क्षेत्र पूरी तरह 'नो फिसिंग जोन' के दायरे में आता है। इस प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी सूरत में मछलियां नहीं मारी जा सकती है। इसके बावजूद ज्यादा मुनाफे के लालच में एजेंसी द्वारा यह अनदेखी की जा रही है। कल शनिवार को जब प्रबंधन द्वारा बांध के पांच गेट खोले गए थे उसी समय एजेंसी द्वारा गेटों से कुछ ही दूरी पर बड़ा जाल डाले देखा गया।

यह हो सकती है बड़ी परेशानी

ठेकेदार या मछुआरों के भारी जाल बांध के हाईड्रोलिक गेट के मैकेनिकल सिस्टम में फंस सकते हैं जिसके कारण गेटों के संचालन(बंद करने या खोलने) में बड़ी बाधा आ सकती है। अगर ऐसा हुआ तो एक ऐसी बड़ी समस्या खड़ी को सकती है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

ज्यादा मुनाफे के फेर में बड़ी लापरवाही

दरअसल, बांध के गेटों के आसपास पानी में हलचल और ऑक्सीजन की अधिकता के कारण यहां मछलियां अच्छी-खासी तादाद में इकट्ठा होती हैं। यही कारण है कि ठेकेदार द्वारा बड़े खतरे का संज्ञान होने के बावजूद ज्यादा मुनाफा कामने के चक्कर में यह सब किया जा रहा है जिसकी तरफ महासंघ पदाधिकारियों द्वारा तनिक ध्यान नहीं दिया जा रहा जो एक बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है।

शनिवार को खोले गए थे बांध के 5 रेडियल गेट

आपको बतादें कि अत्यधिक वर्षा के चलते लगातार बढ़ रहे बांध के जल स्तर पर नियंत्रण के लिए बांध प्रबंधन ईकाई द्वारा पांच गेट खोले गए थे। जिनमें कुछ गेट 1 मीटर ऊंचाई तक खोले गए वहीं कुछ गेट 0.60 मीटर की ऊंचाई तक खोले गए थे।

इनका कहना है

मै महासंघ के उच्चाकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करवाता हूं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री, मतस्य कल्याण एवं मछुआ पालन, मप्र शासन

अगर संबंधित एजेंसी, ठेकेदार यह लापरवाही कर रहा है तो मै दिखवाता हूं!

- **आरिफ अंसारी,** क्षेत्रीय प्रबंधक, मतस्य महासंघ, राजगढ़

आदर्श विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया



माचलपुर। नगर के आदर्श विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत धार्मिक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के आधार पर निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2100 रुपये, द्वितीय स्थान को 1100 रुपये तथा तृतीय स्थान को 500 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कन्या हाई स्कूल प्राचार्य प्रतापसिंह शाक्य एवं वरिष्ठ शिक्षक महेशचंद्र उपाध्याय का शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षक, शिक्षा और विद्यार्थियों के जीवन में गुरु के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय संचालक जगदीश गुर्जर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों व उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

जन्माष्टमी पर गूंजा जय कन्हैया लाल का जयघोष, फोड़ी दही हांडी



सारंगपुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हिंदू उत्सव समिति सारंगपुर द्वारा मुखर्जी चैक पर दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात करीब 10 बजे शुरू हुए इस आयोजन में नगर की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान पूरा मुखर्जी चैक भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में गवली समाज, धनगर समाज और फूल माली समाज सहित विभिन्न समाजों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवाओं ने एक-दूसरे के ऊपर चढ़कर मानव पिरामिड बनाया और मटकी फोड़ने का प्रयास किया। प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी मुखर्जी चैक पर पहुंचे। युवाओं के उत्साह और दर्शकों के जयकारों से माहौल पूरी तरह कृष्णमय नजर आया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद बाल एवं युवा प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ मटकी फोड़कर जन्माष्टमी उत्सव की खुशियां मनाईं। मटकी फूटते ही उपस्थित लोगों ने जय श्रीकृष्ण और नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,सुशील व्यास, वैभव पुष्पद,सतीश मिश्रा, अनिल जैन,नवीन रुण्डवाल,इशांत मंगल,जितेंद्र मालवीय,संतोष धनगर,मोहित हाड़ा, चिराग सोनी मौजूद रहे।

विश्व गीता प्रतिष्ठानम ने मनाया स्थापना दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

गुना। विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा प्रतिष्ठानम के सात वार्षिक उत्सवों में से पांचवां उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं स्थापना दिवस के रूप में कुंदन निवास धर्मशाला, उदासी आश्रम में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में यजमान के रूप में कविता शर्मा एवं देवानंद शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता का पूजन तथा लड्डू गोपाल का अभिषेक किया। अभिषेक एवं पूजन की विधि पंडित रामकुमार तिवारी ने संपन्न कराई। गणेश-गौरी एवं गुरु वंदना, रामायण की चौपाइयों तथा गीता महात्म्य के श्लोकों का वाचन पंडित अंकित पाण्डेय ने किया।

महर्षि पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



जीरापुर। महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश जमीदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी , डॉ. बी.एल. गुर्जर, योगेश भावसार, राजेश राठौर, शरद भावसार व शिवम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र हेमराज दांगी का विशेष सम्मान किया गया। वहीं वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर रहे छात्र शिवम गिरी का भी सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वक्ताओं ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक के महत्व, कर्तव्य, अनुशासन और संस्कारों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने तथा अच्छे इंसान बनने के लिए प्रेरित किया गया। संचालन देवराज गुर्जर, कुलदीप गोस्वामी, रोहित टेलर, रोशनी जाटव व दिव्यांशी मीणा तथा आभार संस्था संचालक शिवचरण दांगी ने माना। शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रॉयल हाइट्स स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मना



जीरापुर। रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संचालक रणधीर सिंह चैहान, प्रबंधक यशवर्धन सिंह, प्राचार्य शैलेंद्र जोशी, वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर पुष्कर पटेल एवं भोला सेन ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के महत्व पर विचार व्यक्त किए तथा सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय परिवार द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया, वहीं विद्यार्थियों ने भी गुरुजनों को स्मृति-चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। संस्था संचालक रणधीर सिंह चैहान ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जीवन की सही दिशा भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण हेतु लीड कॉलेज में अभाविप, एनएसएस की पहल

शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने गुरुओं को भेंट किए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शिक्षक दिवस के अवसर पर स्थानीय पीएमश्री महाविद्यालय की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रेमछाया समिति की अभिनव पहल देखने मिली। तीनों संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज में अपनी गुरुओं को विभिन्न किस्मों के पौधे भेंट किए गए ताकि पेड़ बनने पर हरियाली की स्मृतियां हमेंशा यादगार बनी रहें। इस दौरान सभी प्रोफेसरों का सम्मान करते हुए विद्यार्थियों ने उनका चरण वंदन करते हुए आर्शिवाद लिया साथ ही गुरुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकरण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का सार्थक संदेश दिया।

इस दौरान अभाविप नगर मंत्री कुलदीप सिंगी ने कहा कि शिक्षक न केवल एक विद्यार्थी बल्कि पूरे समाज और देश का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं देते बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, अनुशासन, संस्कार और भविष्य निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

समाज और पर्यावरण को बचाते हैं पौधे

शिक्षकों को पौधे भेंट करने के पीछे पर्यावरण हरितिमा की भावना प्रमुख रही। परिषद के अन्य पदाधिकारियों स्वयं टेलर, तुषार, सुनील, जतिन, जिया, नंदनी, पंकज, राजेश गुर्जर, शिवराज सहित अन्य ने कहा कि जिस प्रकार एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के जीवन को ज्ञान से सींचकर बेहतर भविष्य निर्माण करते हैं उसी प्रकार एक पौधा भी समय के साथ बढ़कर समाज और पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभाता है।

केसी कॉन्वेंट हाई स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया



ब्यावरा। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर 5 सितंबर को के.सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल में शिक्षक दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, भारत माता और डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और सामूहिक "वंदे मातरम" गायन के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन शर्मा रहे। अध्यक्षता विद्यालय संचालक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि व जनपद सदस्य इंदर सिंह लववंशी ने की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा अ.ज.जा. मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम भील, कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर, प्रमोद साहू, भाजपा किसान मोर्चा जिला आईटी प्रभारी लखन लोधी और भाजपा युवा नेता आकाश छैया उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक सुरेंद्र कुमार कुशवाह व शिक्षिका सुरेखा विश्वकर्मा तथा आभार उपप्राचार्य रामजीवन लववंशी ने माना।

टेटवाल ने स्वास्थ्य जांच मशीनों व पुस्तकालय का किया लोकार्पण

सारंगपुर। मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल का जन्मदिन शनिवार को क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर धार्मिक, सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यकर्ता, समर्थक, जनप्रतिनिधि और आमजन ने पहुंचकर मंत्री को शुभकामनाएं दीं। डॉ. टेटवाल ने जन्मदिन की शुरुआत अपनी माता का आशीर्वाद लेकर की। इसके बाद ग्राम भैंसवा माता पहुंचकर बिजासन माता मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। इसके बाद कपिलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा कर गौशाला में गौपूजन एवं गौसेवा की। वही 56 लाख की स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मंत्री ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में करीब 56 लाख रुपए की लागत से स्थापित थायराइड परीक्षण सहित अन्य अत्याधुनिक स्वास्थ्य जांच मशीनों का लोकार्पण किया।

जीवन में संस्कारों का होना जरूरी, घर परिवार संस्कारों पर ध्यान दें: मुनिश्री प्रत्यक्ष रत्न

मंदसौर। वर्तमान समय में हमारे परिवार छोटे होते जा रहे हैं। पहले घर भले ही छोटे हो लेकिन परिवार बड़े होते थे। परिवार में बड़े बुजुर्ग युवाओं व बच्चों पर निगाह रखते थे, उनकी संस्कारों पर विशेष निगाह रहती थी। लेकिन वर्तमान समय में छोटे परिवार होने से संस्कारों की कमी देखने में आ रही है। हमारे घर बंगले भले ही बड़े हो गए हैं लेकिन छोटे परिवारों के प्रचलन के कारण युवा पीढ़ी व बच्चों में संस्कार देना चुनौती का कार्य हो गया है। माता-पिता संतान के संस्कारों पर विशेष ध्यान दें। उक्त उद्गार परम पूज्य जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. ने जीवगंज स्थित राजेन्द्र विलास में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने रविवार को यहां धर्मसभा में कहा कि हमारा व्यवहार ही हमारे संस्कारों को प्रदर्शित करता है। लेकिन हमें अपना व्यवहार, आचरण अच्छा रखना चाहिए। जीवन में संस्कार नहीं है तो कुछ भी नहीं है। संस्कार से ही मनुष्य की पहचान होती है इसलिए जीवन में संस्कारों पर ध्यान दो।

परमात्मा की कृपा को समझो- मुनि श्री प्रत्यक्षरत्नजी ने कहा कि जीवन में हमें जो भी मिला परमात्मा की कृपा से ही मिला है। हमारी आत्मा को मनुष्य भव और भारत भूमि पर जन्म और उसमें भी जैन कुल का सानिध्य यह सब तीर्थंकर परमात्मा की कृपा से ही मिला है। जीवन में हमें सुख-दुख आते रहते हैं इनकी चिंता किये बगैर परमात्मा की कृपा को समझो तथा अपने जीवन को श्रेष्ठ कार्यों में लगाओ। मुनि श्री ने कहा कि हरिभद्रसूरिस्वामी म.सा. ने सद्गुरु, परमात्मा व स्वयं की आत्मा की चिंता करने व उन्हें प्रसन्न रखने की बात कही है। परमात्मा के बाद सबसे महत्वपूर्ण कोई है तो सद्गुरु और उसके बाद हमारी स्वयं की आत्मा महत्वपूर्ण है। जीवन में इन तीनों को प्रसन्न रखने का प्रयास करो।

जन्म मरण से मुक्त होना है तो मोह का त्याग करें: मुनि श्री विरल विजयजी



मंदसौर । शांत सुधारस शास्त्र में उपाध्याय श्री विनय विजयजी म.सा. ने हमे प्रेरणा दी है कि हम जीवन मे मोहरूपी कषाय को जीते। इस संसार में हमारे बार बार जन्म व मरण का कारण मोह ही है यदि हमने जीवन में मोह का त्याग कर दिया तो हम सम्यक जीवन दर्शन को प्राप्त कर पायेंगे। उक्त उद्गार प.पू. जैन आचार्य श्री हिमाचल सूरीश्वरजी म.सा. के समुदाय शिष्य श्री विरल विजयजी म.सा. ने नई आबादी स्थित आराधना भवन में कहे। आपने शुक्रवार को यहा धर्मसभा में कहा कि हम इस संसार में अनंत भवों से जन्म मरण मे उलझे है। हम बार-बार जन्म लेते है और मोह के कारण पुनः जन्म मरण की प्रक्रिया चलती रहती है। हमे जीवन में मोह रूपी कषाय को छोड़ना होगा, मोह का त्याग करने से हमे संसार के नश्वर स्वरूप का ज्ञान होगा और हम बार बार जन्म मरण का जो क्रम हमारी आत्मा व शरीर का चल रहा है उससे हम मुक्त हो पायेंगे। उपाध्याय विनयविजयजी ने मोह रूपी कषाय की अपने शांत सुधारस शास्त्र में विस्तृत विवेचना की है। मुनिराज विरल विजयजी ने कहा कि मोह के कारण ही हम पाप कर्म करते है पाप कर्म के कारण हमारा कर्म बंध चलता रहता है और यही कर्म बंध हमारे जन्म मरण का कारण बनता है इसलिये जीवन मे सर्वप्रथम मोह को छोड़े।

कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र एवं गुरु श्लोक से हुआ

गुरु दक्षिणा फाउंडेशन प्रोग्राम में शिक्षा एवं समाजसेवा में योगदान देने वाली प्रेरणादायी महिला शिक्षिकाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय जैन संगठना, मंदसौर चैप्टर द्वारा गुरु दक्षिणा फाउंडेशन प्रोग्राम का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन शिक्षिकाओं एवं महिला सदस्यों का सम्मान करना था, जो शिक्षा के साथ-साथ अपना समय, ज्ञान एवं सेवाएँ निःशुल्क देकर समाज और भावी पीढ़ी के निर्माण में योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र एवं गुरु श्लोक से हुआ। सर्वप्रथम बीजेएस ग्रुप के उपस्थित गुरुओं एवं मार्गदर्शकों का सम्मान किया गया तथा अनुपस्थित गुरुओं को भी सादर स्मरण किया गया। इस अवसर पर बीजेएस संस्थापक शांतिलाल मुत्था , राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला, राष्ट्रीय सचिव पंकज चोपड़ा एवं दीपक चोपड़ा, राष्ट्रीय फाउंडेशन प्रमुख राजेश खिवन्सरा, स्टेट अध्यक्ष साशा जैन, स्टेट सचिव 5 संदीप जटाले, स्टेट फाउंडेशन प्रमुख मीता जैन एवं फाउंडेशन प्रमुख कोमल जैन के मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की विशेषता रही कि बीजेएस मंदसौर चैप्टर ने अपने ही ग्रुप की महिला सदस्यों में से ह्यशाइनिंग स्टार्सह्व का चयन कर उनका सम्मान किया। सम्मानित सदस्यों में शशि मारू द्वारा निःशुल्क पाठशाला, प्रीति जैन द्वारा निःशुल्क योग सेवा, निवेदिता नाहर द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, अंशु श्रीमाल द्वारा निःशुल्क कला एवं हस्तकला प्रशिक्षण, साक्षी जैन द्वारा निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा, विनीता संघवी द्वारा जरूरतमंद बच्चों की फीस एवं गणवेश में सहयोग, अनिता गांधी द्वारा जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग, मधु कड़ावत द्वारा गरीब बस्ती के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा तथा पुष्पलता चंडालिया का शिक्षा एवं समाजसेवा में योगदान उल्लेखनीय रहा।

इन सभी शाइनिंग स्टार्स की सेवाओं का परिचय हेमा हिंगड़ एवं आशा श्रीमाल ने प्रस्तुत किया। सभी सम्मान एवं उपहार बीजेएस मंदसौर चैप्टर की अध्यक्ष श्वेता पोरवाल द्वारा प्रदान किए गए। धर्म एवं ध्यान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए धार्मिक हाउजी का आयोजन भी किया गया, जिसके विजेताओं को श्वेता पोरवाल द्वारा उपहार दिए गए। शालिनी लोडा सहित सदस्यों ने अपने भाव व्यक्त किए और सम्मानित शिक्षिकाओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में 32 सदस्यों की उपस्थिति रही।

हमारे शास्त्रों में गुरू को पिता और शिष्य को पुत्र की संज्ञा दी गई है: स्वामी सनिष्ठानंद महाराज

मंदसौर। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में परम पूज्यपाद 1008 स्वामी श्री सनिष्ठानंद महाराज का दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग का भव्य आयोजन 29 जुलाई से 26 सितंबर तक किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन स्वामी जी द्वारा प्रातः 8.30 से 10 बजे तक शिव महापुराण के गूढ़ रहस्यों पर आधारित आध्यात्मिक प्रवचन दिये जा रहे है। 6 सितम्बर रविवार को धर्मसभा में श्री सनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि हमारे शास्त्रों में गुरू की महिमा का अत्यधिक महत्व है। शास्त्रों के अनुसार गुरू को पिता और शिष्य को पुत्र माना गया है। सांसारिक माता पिता पुत्र को जन्म देते है और सांसारिक भव सागर मे डाल देते है लेकिन गुरू अपने शिष्यो को इस भव से पार लगा देते है। आपने बताया कि शिष्यों को भी अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए उन्हें भी अपने गुरू का पूरा ध्यान रखना चाहिए भोजन आदि गुरू के करने के बाद ही करना चाहिए यदि गुरू का बचा हुआ भोजन मिल जायें तो प्रसाद के रूप में ग्रहण करना चाहिए। गुरू से अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। गुरू से छिपाकर कुछ नहीं करना चाहिए यदि ऐसा कोई शिष्य करता है तो वह चोरी के समान माना जाता है। आपने बताया कि हमें अपने बुरे कर्मों के नाश के लिए यज्ञ कर्मकांड आदि करना चाहिए यज्ञों में हुए मंत्रोच्चार से पृथ्वी पर बहुत असर पड़ता है धरती पवित्र होती है और मंत्रो के माध्यम से शुद्धता आती है।

खबर संक्षेप

प्रतियोगिता के लिए पहलवानों का चयन

सीहोर। नोडल खेल प्रशिक्षण केंद्र, आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर के 17 प्रतिभाशाली पहलवानों का संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान, जिला योग प्रभारी मनोज कुमार व्यास, व्यायाम शिक्षक शैलेंद्र चौहान, लोकेश परमार सहित समस्त खेल प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों ने चयनित पहलवानों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

युवा संगठन करेगा हनुमान चालीसा पाठ

सीहोर। महाराणा प्रताप युवा संगठन द्वारा 1 करोड़ 25 लाख हनुमान चालीसा पाठ का संकल्प लिया गया है। हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ महाराणा प्रताप युवा संगठन के संस्थापक ज्ञान सिंह बघेला के द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के 1 करोड़ 25 लाख हनुमान चालीसा पाठ अभियान का महाराणा प्रताप युवा संगठन द्वारा समर्थन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई।

पार्वती तट स्थित बाबा गोरखनाथ देव स्थल पूजा-अर्चना के बाद हुआ समापन

उत्साह और श्रद्धा के साथ नगर में निकला वाल्मीकि समाज का छड़ी चल समारोह

नपा प्रतिनिधि ने कहा, छड़ी चल समारोह नगर की सांस्कृतिक धरोहर है और नपा परिवार ऐसे धार्मिक आयोजनों का स्वागत करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में गोगा नवमी का पावन पर्व वाल्मीकि समाज द्वारा अपार उत्साह, भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा एक विशाल छड़ी चल समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गल चौराहा पहुँचा। जहाँ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में चारों छड़ी निशान के भगत विशाल कलोसिया, अनिल सांगते, सतीश सांगते एवं आशीष भगत का 5,100 रूपये की प्रोत्साहन राशि व प्रतिक चिह्न भेंट कर स्वागत किया। साथ ही समाज के वरिष्ठजन राहुल वाल्मीकि, बनवारीलाल पंवार, प्रकाश कलोसिया, अमित सांगते, जितेन्द्र सिंगन, दीपक नरवले एवं जीवन कलोसिया का भी साफा बाँधकर तथा पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया। गुरू गोगादेव जी की भक्ति में लीन वाल्मीकि समाज के श्रद्धालु पूरे सवा माह तक नंगे पैर रहकर कठिन नियम व सेवा-भक्ति का पालन करते हैं। गोगा नवमी पर निकाली गई यह छड़ी यात्रा सम्पूर्ण नगर में आकर्षण और आस्था का केंद्र रही। यात्रा का अंतिम पड़ाव पार्वती नदी तट स्थित बाबा गोरखनाथ देव स्थल रहा, जहाँ पूजा-अर्चना के बाद समारोह का समापन हुआ। मंच से जनसमूह को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि वाल्मीकि समाज द्वारा सवा महीने तक नंगे पैर रहकर की जाने वाली गोगादेव जी की सेवा-भक्ति अद्वितीय है। यह कठिन साधना हमारी प्राचीन सनातन परंपरा, अटूट श्रद्धा और समरसता का प्रतीक है। छड़ी चल समारोह नगर की सांस्कृतिक धरोहर है और नपा परिवार ऐसे धार्मिक आयोजनों का स्वागत करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।



इनरव्हील क्लब ने शिक्षकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर शनिवार को सेमनरी रोड स्थित एकलव्य एकेडमी में इनरव्हील क्लब आष्टा के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान कर उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सुनीता सोनी, उपाध्यक्ष दीपिका सोनी, सचिव मंदाकिनी कासलीवाल, तमन्ना जैन एवं आशा सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। क्लब अध्यक्ष श्रीमती सोनी एवं श्रीमती कासलीवाल ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे केवल विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों को भी दिशा प्रदान करते हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इस सम्मान समारोह में शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया गया।मंदाकिनी कासलीवाल ने कहा कि एक अच्छे शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन को नई दिशा दे सकता है। शिक्षक ही विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना विकसित करते हैं।

इसलिए समाज में शिक्षकों का स्थान सदैव सर्वोच्च और सम्माननीय रहा है। इनरव्हील क्लब की ओर से शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके शिक्षा एवं संस्कार निर्माण के कार्य की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस केवल सम्मान करने का अवसर नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन भी है।

एकलव्य एकेडमी के शिक्षकों ने भी इनरव्हील क्लब द्वारा किए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक दिवस की शुभकामनाओं के साथ शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया गया। समारोह का वातावरण आत्मीय एवं गरिमापूर्ण रहा। शिक्षकों के सम्मान से विद्यालय परिवार में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।

गूंजा आस्था और श्रद्धा का जयघोष गोगा देव की छड़ी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर क्षेत्र में वाल्मीकि समाज के आराध्य देवताभगवान- गुरु गोरख नाथ जी महाराज के परम-शिष्य श्री गोगा देव जी महाराज की पावन छड़ी का जावर नगर के मुख्य बाजार में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य द्वारा भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरे वातावरण में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। गोगा देव जी की छड़ी के नगर आगमन पर पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने श्रद्धापूर्वक स्वागत करते हुए छड़ी के मुखी भगत सोनू वैद्य सहित समाज के प्रमुख मायाराम वैद्य उपस्थित भक्तों का सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं भक्तों को साफा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई। भक्तों ने जयकारों के साथ गोगा देव जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। धार्मिक माहौल के बीच मुख्य बाजार श्रद्धालुओं की भीड़ से भक्तिमय नजर आया। इस अवसर पर समाज के वशिष्ठजन एवं भगत पंडा कैलाश वैद्य सहित अनेक समाजजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने गोगा देव जी की छड़ी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक परंपराएं हमारी संस्कृति की पहचान हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

मुनि सागर महाराज ने कहा: आत्मकल्याण के लिए धर्म आराधना करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रविवार 6 सितंबर को श्री चंद्रप्रभु मंदिर गंज में शांति विधान का आयोजन किया गया। उक्त विधान दिवंगत फूलचंद कासलीवाल की सुपुत्री एवं प्रदीप, राजू झांझरी की माताश्री श्रीमती शकुंतला गुलाबचंदजी झांझरी के आकस्मिक निधन पर आयोजित किया गया। विधान में अर्घ्य अंकित जैन, राजेश जैन,दिनेश जैन,रमेशचंद जैन एवं संजय जैन ने बोलकर उपस्थित सभी ने शांति विधान पर अर्पित किया। उक्त विधान में परिवारजनों के साथ ही समाजजनों एवं श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भक्तिभाव से सहभागिता की तथा दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्यार्जन किया।वहीं दूसरी ओर समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर के आचार्य विद्यासागर धर्म सभागार में आशीष वचन देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसे केवल सांसारिक सुख-सुविधाओं में व्यतीत नहीं करना चाहिए। जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मकल्याण और कर्मों से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ना है। मुनि सागर महाराज ने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में धर्म, संयम, त्याग, तप और स्वाध्याय को स्थान देना चाहिए। मनुष्य जैसा चिंतन करता है, वैसा ही उसका जीवन बनता है। इसलिए अपने भीतर के विकारों को दूर कर आत्मचिंतन करना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि साधु-संतों का सानिध्य और जिनवाणी का श्रवण व्यक्ति को अपने जीवन की दिशा समझने में सहायता करता है। श्रद्धालुओं को चाहिए कि वे नियमित रूप से धार्मिक क्रियाओं के साथ-साथ अच्छे विचारों और सदाचार को अपने जीवन में अपनाएं। यही धर्म आराधना का वास्तविक फल है।

14 सितंबर से श्रीगणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ

सीहोर। संपूर्ण सृष्टि के प्रथमपूज्य, विघ्नहर्ता, मंगलमूर्ति, शिवशक्ति के पुत्र भगवान श्रीगणेश की मिट्टी की मूर्तियाँ पार्थिव गणेश प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी घर-घर विराजेंगी।पंडित सुनील शर्मा के अनुसार भगवान श्रीगणेश का जन्म भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी को हुआ था। इस बार श्रीगणेश जन्म उत्सव 14 सितम्बर सोमवार चित्रा नक्षत्र से प्रारंभ होकर 25 सितम्बर शुक्रवार अनन्त चतुर्दशी तक मनाया जायेगा। इस बार श्रीगणेश उत्सव 12 दिवस का रहेगा। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर साधक और भक्तजन अपने-अपने गृह-प्रांगण में मिट्टी से निर्मित 'पार्थिव श्रीगणेश' की शास्त्रीय विधान से स्थापना कर महाउत्सव का शुभारंभ करेंगे। अत्यंत दुर्लभ और सिद्ध योगों का महासंगम- पंडित सुनील शर्मा के अनुसार इस 12 दिवसीय श्रीगणेश जन्मोत्सव के दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग व अमृत सिद्धि योग का अलौकिक दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस सिद्धिप्रद समय में की गई पूजा-अर्चना, अनुष्ठान और जप अक्षय पुण्य फल प्रदान करते हैं तथा भक्त के समस्त विघ्नों का समूल नाश करते हैं। भक्तगण भगवान को लड्डू, मोदक दूर्वा आदि भेंट करेंगे। शास्त्रानुसार रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिये उनके 12 नाम सुमुख, एकदंत, कपिल, गजकर्णक, लंबोदर, विकट, विघ्ननाशन, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचंद्र, गजानन का स्मरण करना चाहिये और गणेश चालीसा, गणेश अथर्वशीर्ष, संकटनाशन गणेश स्त्रोत का पाठ लाभप्रद है। गणेश चतुर्थी पर चंद्र दर्शन निषेध माना गया है।

भाऊखेड़ा में कम्पोस्टिंग और वर्मी कम्पोस्टिंग का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम पंचायत अतरालिया जावर के ग्राम भाऊखेड़ा में चल रहे विज्ञान एवं तकनीक आधारित कचरा प्रबंधन, नदी संरक्षण एवं ग्रामीण आजीविका विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन जैविक कचरे के बेहतर उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजकुमार मालवीय के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ संजय कुमार ने ग्रामीणों को कम्पोस्टिंग एवं वर्मी कम्पोस्टिंग की तकनीक समझाई। प्रशिक्षण के साथ ग्रामीणों के बीच डोर-टू-डोर आउटरीच अभियान भी चलाया गया। संजय कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि घर से निकलने वाले जैविक कचरे को यदि शुरुआत से ही अलग रखा जाए तो उसे आसानी से खाद में बदला जा सकता है।

उन्होंने कम्पोस्ट तैयार करने की प्रक्रिया, कचरे में नमी बनाए रखने, जैविक सामग्री के उचित मिश्रण और खाद तैयार होने के विभिन्न चरणों की जानकारी दी। वहीं वर्मी कम्पोस्टिंग के माध्यम से केंचुओं की मदद से जैविक अपशिष्ट को पोषक खाद में बदलने की प्रक्रिया भी समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि जैविक कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलकर गांव में ही छोटे स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं। घरों से निकलने वाले गीले कचरे को अलग रखने और उसके स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. राजकुमार मालवीय ने ग्रामीणों से कहा कि कचरा प्रबंधन केवल सफाई से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, जलस्रोतों की सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा है। गांव में जैविक कचरे का उचित प्रबंधन होने से नालियों और जलस्रोतों में कचरा जाने की संभावना कम होगी, जिसका सीधा लाभ नदी संरक्षण को मिलेगा। दूसरे दिन प्रशिक्षण दल ने गांव में घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, जैविक कचरे को खाद बनाने में इस्तेमाल करने तथा प्लास्टिक सहित अन्य अनुपयोगी सामग्री का उचित निपटान करने के बारे में जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को बताया गया कि कचरा प्रबंधन की शुरुआत घर से ही हो तो पूरे गांव में स्वच्छता की स्थायी व्यवस्था बनाई जा सकती है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मां हिंगलाज सेवा समिति के आयोजन में तथा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन भोपाल के प्रायोजन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य दूधी नदी बेसिन के ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन के साथ नदी संरक्षण और स्थानीय आजीविका के लिए व्यावहारिक मॉडल तैयार करना है। दूसरे दिन के प्रशिक्षण में ग्रामीणजन एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खामखेड़ा जात्रा के पीएम श्री विद्यालय में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



श्री कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर पीएम श्री विद्यालय खामखेड़ा जात्रा में बाल गोपाल जी का जन्म उत्सव मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि बाबा साहब राधे-राधे द्वारा मां सरस्वती और बाल गोपाल का पूजन कर माल्यार्पण किया गया छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकतर विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम और द्वितीय को विद्यालय द्वारा प्रोतोसाहन क्या गया। संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुरद्वारा बाबा साहब और उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायक अच्छी पढ़ाई करने और अनुशासित जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच ओम प्रकाश गुणवान, संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, विनोद धरवा, आनंद जायसवाल, राजेंद्र शर्मा, रामचंद्र मालवीय, शरद मालवीय, रोहिता गिरोठिया, नूपुर खरे, रेखा मलाशय, कोमल मालवीय, अन्नपूर्णा मालवीय, अजय सिंह ठाकुर, पवन शर्मा, पंकज मलेरिया, पवन, विनोद और समस्त विद्यार्थियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग किया।

निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधायक ने किया शुभारंभ

ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों को कौशल से सशक्त बनाने पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ग्रामीण युवतियों को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण का 4 जिलो मैं उदघाटन किया गया, जिसमें सीहोर देवास रायसेन व विदिशा शामिल है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोडक़र उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के मंत्री रवि मालवीय, राजस्व मंत्री प्रतिनिधि विष्णु वर्मा, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नवदी बाई बरेला, अपर कलेक्टर सीहोर ब्रजेश सक्सेना, बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक जयदीप भट्टाचार्य, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक अमित गुप्ता सहित संस्थान के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने ग्रामीण युवतियों को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की इस पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रोजगारपरक कौशल युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर युवतियां स्वयं का रोजगार स्थापित कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न रोजगारपरक कौशल का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जुडऩे के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों में कौशल विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास एवं उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार, समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

मालवीय बलाई समाज युवा संगठन ने गोगा देव की छड़ी का किया स्वागत



जावर। वाल्मीकि समाज के द्वारा निकाले गये गोगा नवमी के जुलूस का स्वागत मालवीय बलाई समाज युवा संगठन के द्वारा किया गया। मुख्य बाजार में पुष्पवर्षा और मालाओं से हुआ स्वागत, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह वाल्मीकि समाज के आराध्य देवताभगवान- गुरु गोरख नाथ जी महाराज के परम-शिष्य श्री गोगा देव जी महाराज की पावन छड़ी का जावर नगर के मुख्य बाजार में मालवीय बलाई समाज अध्यक्ष संजू मालवीय के नेतृत्व किया गया द्वारा भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरे वातावरण में धार्मिक उत्साह देखने को मिला।